वो तो खाटूवाले हैं | By Jaykishan

सारी दुनिया जाने जिनके किस्से बड़े निराले हैं
कलयुग के अवतारी बाबा वो तो खाटूवाले हैं

हर ग्यारस पर मेला लगता भक्त दरश को जाते हैं
जगह जगह कीर्तन होते बाबा की महिमा गाते हैं
रींगस से पैदल चलते ना फिकर पैर में छाले हैं
कलयुग के अवतारी बाबा वो तो खाटूवाले हैं

जब जब संकट ने घेरा और दिल से उन्हें पुकारा है
आकर सबकी लाज रखी कहते हारे का सहारा है
रोतो को मुस्कान मिले गिरतो को उठाने वाले हैं
कलयुग के अवतारी बाबा वो तो खाटूवाले हियँ

जिनके सर पर मोरछड़ी का झाड़ा जब लग जाता है
हर सुख मिलता है जीवन का सोया भाग्य जग जाता है
पूरा है विश्वास जयकिशन भक्तो के रखवाले हैं
कलयुग के अवतारी बाबा वो तो खाटूवाले हियँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-jaykishan/